पश्चिम दिल्ली में निरन्तर एक ही स्कूल में काम करते आ रहे अध्यापक

1844. श्री धर्म दास शास्त्री : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे अध्यापकों/महिला अध्यापकों की संख्या कितनी है जो पश्चिम दिल्ली में तिलक नगर, अशोक नगर और हरिनगर स्थित सीनियर सैकेन्डरी स्कूल (गर्ल्स) में तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही स्कूल में काम कर रहे हैं तथा कब से एक ही स्कूल में काम कर रहे हैं ;

(ख) उपरोक्त स्कूलों में इतनी अधिक अवधि तक उनके कार्य करते रहने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या अध्यापकों/अध्यापिकाओं की एक ही स्कूल में इतने समय तक नियुक्ति शिक्षा विभाग के नियमों के अनुरूप है ?

रेल तथा शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालयों तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) दिल्ली प्रशासन, दिल्ली द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार तिलक नगर में 3 तथा अशोक नगर और हरि नगर में एक-एक राजकीय बालिका सीनियर माध्यमिक स्कूल है। इन स्कूलों में तीन से अधिक वर्षों से कार्य कर रहे शिक्षकों की संख्या निम्नलिखित है :

1. तिलक नगर नं० 1	29
2. तिलक नगर नं० 2	42
3. तिलक नगर नं० 3	26
4. अशोक नगर	27
5. हरि नगर	20
कुल	144

इन स्कूलों में ये अध्यापक भिन्न-भिन्न अवधियों से कार्य करते आ रहे हैं, सबसे पुराना मामला उस शिक्षक का है जो 23-9-1960 से कार्य कर रहा है।

(ख) और (ग). शिक्षकों के स्थानान्तरण से सम्बन्धित मार्गदर्शी रूप-रेखाओं में दक्षता तथा शैक्षिक कुशलता के हित में बार-बार स्थानान्तरण की व्यवस्था नहीं है। तदनुसार, स्थानान्तरणों की संख्या को यथासम्भव कम से कम रखा जाता है ताकि स्कूल स्वयं उत्कृष्टता की परम्पराओं के अनुसार एक सशक्त संस्था बन सके। स्थानान्तरण केवल शिक्षकों के अनुरोध पर, अथवा पद निर्धारण या अन्य प्रशासनिक कारणों से हुए अतिरिक्त पदों के आधार पर किए जाते हैं।

रेल लाइनें बिछाने में विदेशी आर्थिक सहयोग

1845. आचार्य भगवान देव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई रेल लाइनें बिछाने के लिये विदेशी आर्थिक सहायता मांगी जा रही है ; और

(ख) यदि हां, तो किन देशों से और उन रेल लाइनों का ब्यौरा क्या है जिनके लिये विदेशों से सहायता मांगी जा रही है ?

रेल तथा शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालयों तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।